# बीएसएफ का एक ही लक्ष्य भारत की सुरक्षा

## बीएसएफ के हीरक जयंती समारोह में बोले गृहमंत्री अमित शाह

**भुज, 21 नवंबर. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सुरक्षा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक ही लक्ष्य रहा है.**

श्री शाह ने आज यहां बीएसएफ के हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा पिछले छह वर्षों में सीमा सुरक्षा बल ने न केवल देश की जनता, बल्कि पूरे विश्व को यह मानने के लिए मजबूर किया है कि जब तक बीएसएफ है, दुश्मन भारत की एक इंच भूमि पर नजर नहीं डाल सकता. इन जवानों ने वीरता, दक्षता के साथ और प्राणों की भी परवाह किए बगैर, अपने प्राणों की आहूति देकर फर्स्ट रेस्पोंडेंट होने की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया है, जो देश के गृह मंत्री के तौर पर मेरे लिए बहुत गौरव और अभिमान की बात है.



### कच्छ की वीर भूमि अदम्य साहस का प्रतीक

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब तक सीमा सुरक्षा बल के 2,013 बहादुर जवानों ने देश की सीमाओं को अखंड एवं सुरक्षित रखते हुए अपने प्राणों की सर्वोच्च आहुति दी है. न केवल सीमा-रक्षा में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के अनेक शांति मिशनों में तथा देश के भीतर उत्पन्न कितनी ही आपात स्थितियों में, चाहे आतंकवाद का मुकाबला करना हो या चाहे नक्सलवाद के उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करना हो, बीएसएफ के जवानों ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. उन्होंने सदा कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए आगे बढ़कर काम किया है. इसी का परिणाम है कि आज देश की पूर्वी तथा पश्चिमी सीमाएँ अटल, अडिग और पूर्णतः सुरक्षित हैं. इसका सबसे बड़ा श्रेय बीएसएफ के वीर जवानों को जाता है. उन्होंने कहा कि कच्छ की यह वीर भूमि अदम्य साहस का प्रतीक है .सदियों से प्रतिकूल मौसम और परिस्थितियों के बावजूद कच्छवासियों ने जुझारूपन से इस क्षेत्र को संवारा और विकास की ऊँचाइयों तक पहुँचाया है. सातवें दशक से अब तक हुए हर आक्रमण का सबसे मजबूत प्रतिरोध कच्छ की जनता ने किया है, जिसका साक्षी पूरा देश है. अनेक युद्धों में सेना और बीएसएफ के साथ कदम से कदम मिलाकर कच्छ की जनता ने अभूतपूर्व भूमिका निभाई है.

## सीबीआई ने कई जगहों पर छापेमारी की

**कोलकाता, 21 नवंबर.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में बैंक धोखाधड़ी मामले में कुछ व्यापारियों की ठिकानों पर छापेमारी की. यह अभियान सरकारी खदानों से कोयला तस्करी मामले में पश्चिम बंगाल और झारखंड में 40 से अधिक स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बीच चलाया जा रहा है. सीबीआई ने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से जुड़े नौ करोड़ रुपये का घोटाला मामला में हावड़ा और लेक टाउन में चार ठिकानों पर छापेमारी की. छापेमारी हावड़ा के शिबपुर स्थित व्यवसायी अनिल कुमार मिश्रा और उत्तर 24 परगना के लेक टाउन स्थित ओम प्रकाश पांडे की संपत्तियों पर केंद्रित है.



# एलजी के सख्त निर्देश पर दिल्ली की सुरक्षा होगी कड़ी

राजधानी अलर्ट मोड पर, मांगी तीन हफ्ते में रिपोर्ट

सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने का आदेश

**नई दिल्ली, 21 नवंबर. दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हाल ही में हुए लाल किले के पास हुए विस्फोट के मद्देनजर राजधानी की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रभावी कदम उठाने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त और मुख्य सचिव को निर्देश जारी किये हैं.**

उपराज्यपाल सचिवालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि इस संबंध में पुलिस आयुक्त और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर राजधानी की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं. श्री सक्सेना ने पत्र में कहा है कि अमोनियम नाइट्रेट जैसे खतरनाक विस्फोटक पदार्थों की बड़ी मात्रा की खरीद-बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाए. इसके लिए सभी विक्रेताओं और खरीदारों का पूरा डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाए जिसमें उनकी फोटो, पहचान-पत्र और अन्य जरूरी जानकारी शामिल हो. उन्होंने कहा कि नागरिकों का ब्रेनवॉश करने के उद्देश्य से कट्टरपंथी सामग्री की वैज्ञानिक ट्रैकिंग के लिए मेटा, ट्विटर एक्स आदि सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के प्रमुखों के साथ विचार-विमर्श करें.

उन्होंने कहा कि कट्टरपंथ से ग्रस्त कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवीय और तकनीकी खुफिया जानकारी को मजबूत करें. अधिक मजबूत निवारक पुलिसिंग के लिए सामुदायिक आउटरीच और नागरिक जुड़ाव को भी बढ़ाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि ऐसे मेडिकल प्रोफेशनल्स जिन्होंने दूसरे देशों से डिग्री ली है, उनकी जानकारी पुलिस डिपार्टमेंट के साथ भी साझा की जानी चाहिए ताकि उनका बैकग्राउंड सही से जांचा जा सके. उपराज्यपाल ने साफ कहा है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और फाइनेंस कंपनियों के साथ तुरंत बैठक कर सख्त नियम लागू किए जाएं. अब ऐसी किसी गाड़ी या ऑटो-रिक्शा को सड़क पर चलने की इजाजत नहीं मिलेगी.

# पाक की फैक्ट्री में गैस रिसाव से धमाके बाद 15 की मौत

**नई दिल्ली, 21 नवंबर. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को एक केमिकल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया, जहां तड़के सुबह गैस रिसाव से धमाका हो गया.**

धमाका इतना भयानक था कि इससे फैक्ट्री में न सिर्फ आग लगी, बल्कि आस-पास की इमारतें भी गिर गईं। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. दरअसल, पंजाब प्रांत में लाहौर से 130 किमी की दूरी पर स्थित फैसलाबाद जिले के मलिकपुर इलाके में सुबह-सुबह एक कैमिकल फैक्ट्री में गैस रिसाव से बड़ा धमाका हुआ। अब तक रेस्क्यू टीमों ने मलबे से 15 लाशें निकाली हैं और सात घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया है. डर है कि मलबे के नीचे और लोग हो सकते हैं. रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने में लगी हुई हैं। जिले की पूरी मशीनरी रेस्क्यू के काम में लगी हुई है. मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने केमिकल फैक्ट्री में लोगों की कीमती जानें जाने पर गहरा दुख जताया, दुखी परिवारों के प्रति अपनी संवेदना और सहानुभूति जताई.



### आज का इतिहास

- 1788 : न्यूयॉर्क अमेरिका का 11वां राज्य बना.
- 1844 : भारत के प्रमुख शिक्षाविद् गुरुदास बनर्जी का जन्म.
- 1876: कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना.
- 1951 : नीदरलैंड ने जर्मनी के साथ युद्ध समाप्त किया.
- 1956 : मिस्र ने स्वेज नहर पर कब्ज़ा किया.
- 1965 : मालदीव ब्रिटेन से आजाद हुआ.
- 2005 : नासा के शटल डिस्कवरी का प्रक्षेपण.
- 2007 : पाकिस्तान ने परमाणु मिसाइल बाबर हत्फ़-7 का सफल परीक्षण किया.
- 2013 : पाकिस्तान में बम विस्फोट में 57 लोग मारे गये.

# अमेरिका ने ईरान पर लगाए नए प्रतिबंध

**वाशिंगटन, 21 नवंबर. अमेरिका ने ईरान के खिलाफ नये प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ईरान के अवैध पेट्रोलियम, शिपिंग और विमानन नेटवर्क को ध्वस्त करना है, जो देश की सेना और क्षेत्रीय छः ताकतों को धन मुहैया कराते हैं.**

विदेश एवं वित्त विभागों ने एक समन्वित कार्रवाई में, भारत, पनामा, संयुक्त अरब अमीरात, सेशेल्स और जर्मनी सहित कई देशों की दर्जनों कंपनियों, व्यक्तियों, जहाजों और विमानों पर प्रतिबंध लगाया, जिन पर कथित रूप से तेहरान को प्रतिबंधित तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को ले जाने और बेचने में मदद करने का आरोप है. विदेश विभाग ने कहा कि उसने 17 संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है जबकि वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने 41 अतिरिक्त लक्ष्यों पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे ईरानी राजस्व स्रोतों को रोकने वाले अमेरिका के अभियान में तेजी आई है. वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य ईरानी शासन के परमाणु हथियारों के विकास और आतंकवादी संगठनों को समर्थन के लिए वित्त पोषण को रोकना है.



उन्होंने कहा कि ईरान के तेल राजस्व को बाधित करना उसकी परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है. विभाग ने कहा कि इजरायल के साथ 12 दिवसीय युद्ध में हार के बाद, ईरान की सेना अपने वार्षिक बजट की पूर्ति तथा अपनी कमजोर सेना के पुनर्निर्माण के लिए ईरानी कच्चे तेल की बिक्री पर ज्यादा निर्भर हो गई है. प्रतिबंध मुख्य रूप से ईरानी सेना की तेल-बिक्री शाखा, सेपेहर एनर्जी जहान नामा पार्स कंपनी पर केंद्रित है. अमेरिकी अधिकारियों का आरोप है कि यह समूह मुखौटा कंपनियों का एक वैश्विक जाल और टैंकरों का एक शैडो बेड़ा चलाता है.



## राष्ट्रपति मुर्मु ने तिरुमला में वेंकटेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला, 21 नवंबर.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की. राष्ट्रपति के आगमन पर आंध्र प्रदेश के मंत्री अनम रामनारायण रेड्डी, टीटीडी के अध्यक्ष बी आर नायडू ने स्वागत किया.

# श्रम संहिता आजादी के बाद के प्रगतिशील सुधारों में से एक : मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत करते हुए इसे श्रमिकों के लिए आज़ादी के बाद से सबसे बड़े और प्रगतिशील सुधारों में से एक बताया है. श्रम संहिताओं के शुक्रवार से प्रभावी होने के बाद मोदी ने कहा कि ये सुधार श्रमिकों को मजबूती प्रदान करते हैं और कानून के अनुपालन को काफी आसान बनाने के साथ व्यापार सुगमता में बढ़ावा देते हैं. मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा ये चारों संहिता सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मज़दूरी और लोगों विशेष रूप से नारी शक्ति तथा युवा शक्ति के लिए फायदेमंद अवसरों की मज़बूत नींव का काम करेंगी.



उन्होंने कहा कि ये सुधार भविष्य के लिए एक इकोसिस्टम बनाएंगे जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा और देश की आर्थिक वृद्धि को मज़बूत करेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, उत्पादकता बढेगी और देश की विकसित भारत की ओर बढ़ने की यात्रा में तेजी आयेगी.

# देश ने वीर योद्धा खोया : केजरीवाल

दुबई एयरशो में हुए हादसे पर जताया शोक

**नई दिल्ली, 21 नवंबर. दुबई एयरशो में भारतीय वायुसेना के स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है.**

इस हादसे में भारतीय वायुसेना के एक बहादुर पायलट की मौत हो गई, जिसके बाद राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर संवेदनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि भारत ने एक वीर वायु योद्धा को खो दिया है और पूरा देश इस दुखद घटना से स्तब्ध है. केजरीवाल ने अपने संदेश में पायलट के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी इस अपूरणीय क्षति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता. उन्होंने दुर्घटना के कारणों की त्वरित और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि पायलटों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए. तेजस भारतीय वायुसेना की गौरवशाली शक्ति का प्रतीक है, ऐसे में इस दुर्घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. देश भर से लोग पायलट को श्रद्धांजलि दे रहे हैं.

केजरीवाल ने गहरा दुख जताया और पायलट के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की. केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि तेजस विमान का दुर्घटनाग्रस्त होना अत्यंत पीड़ादायक है और देश एक वीर वायु योद्धा के निधन पर शोक में डूबा है. उन्होंने कहा कि पायलटों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. उन्होंने दुर्घटना की त्वरित, विस्तृत और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि इस घटना के वास्तविक कारणों को जल्द से जल्द सामने लाया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके.



# जंगली जानवरों से फसल नुकसान पर बीमा

मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरी की किसानों की मांग

**नागपुर, 21 नवंबर. देश के लाखों किसानों के लिए राहत भरी खबर देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को अब और व्यापक बनाया जा रहा है.**

योजना के तहत अब जंगली जानवरों द्वारा फसल को पहुंचाए गए नुकसान के साथ-साथ अत्यधिक वर्षा, बाढ़ या जलभराव से हुई हानियों को भी शामिल किया जाएगा. यह फैसला उन किसानों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करता है, जो इस प्रकार के नुकसानों को लंबे समय से सरकारी बीमा सुरक्षा के दायरे में लाए जाने की मांग कर रहे थे. एग्रो विजन कार्यक्रम में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री चौहान ने कहा कि नई व्यवस्था के बाद खेतों में नीलगाय, जंगली सूअर या अन्य जानवरों द्वारा फसल नष्ट किए जाने पर भी किसान को बीमा दावा मिल सकेगा. इसी तरह बेमौसम बारिश, जलभराव और बाढ़ जैसी परिस्थितियों से फसल खराब होने पर भी अब किसानों को मुआवजा सुनिश्चित होगा. उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र तेजी से तकनीकी बदलावों के दौर से गुजर रहा है और सरकार एआई, मशीन लर्निंग तथा रोबोटिक्स को कृषि में लागू करने के लिए ठोस कदम उठा रही है. इससे खेती अधिक सुरक्षित, सटीक और उत्पादक बनाने में बड़ी मदद मिलेगी.



## पेज एक का शेष

### नीतीश ने 20 साल बाद गृह मंत्रालय छोड़ा

- संजय टाइगर को श्रम संसाधन विभाग का मंत्री बनाया
- अरुण शंकर प्रसाद को पर्यटन विभाग के साथ-साथ कला संस्कृति एवं युवा विभाग की जिम्मेदारी
- सुरेंद्र मेहता को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
- नारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन विभाग
- रमा निषाद को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
- लखेंद्र पासवान को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग
- श्रेयसी सिंह को सूचना प्रावैधिकी की विभाग के साथ-साथ खेल विभाग

## पेज एक का शेष

### उद्योगों के लिये पसंदीदा राज्य एमपी

उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय को बढ़ावा देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है. यह एक्सपो 23 नवम्बर तक चलेगा. एक्सपो में मप्र सहित देश-विदेश से आए उद्योग एवं एक्सपोर्ट सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, निवेशकों और संस्थानों ने व्यापक रूप से भागीदारी की. एक्सपो में रूस, ओमान और ताईवान देशों से भी उद्यमी आए हैं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इपिक प्रोजेक्ट का विमोचन किया. इससे स्व-सहायता समूह, स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतें, शासकीय कार्यालय सभी एक प्लेटफार्म से जुड़ेंगे. इस प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश में 1000 इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। जहां हर क्षेत्र के स्टार्टअप्स को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इपिक प्रोजेक्ट के अंतर्गत 10 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में व्यापार-व्यवसाय को बढ़ावा देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से मिले सभी निवेश प्रस्तावों में से अब तक हम 8 लाख करोड़ रुपये के अधिक निवेश प्रस्तावों पर ठोस कार्यवाई कर चुके हैं। इनमें से 6 लाख करोड़ रुपये की औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए जमीनी स्तर पर काम प्रारंभ हो चुका है.

# बोकारो से जल्द शुरू होगा व्यवसायिक हवाई उड़ान

**बोकारो, 21 नवंबर. झारखंड में बोकारो स्टील सिटी हवाई अड्डा से बहुत जल्द व्यवसायिक हवाई उड़ान आरंभ हो जाएगा. इसके लिए जिला प्रशासन जोर-शोर से कार्य कर रहा है.**

बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा ने आज यहां बताया कि बोकारो हवाई अड्डा को व्यावसायिक उड़ान भरने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है. संबंधित विभाग को इस कार्य को संपन्न कराने के लिए कड़ा निर्देश दिया गया है. बोकारो हवाई अड्डा के चहारदीवारी के पास लगे अतिक्रमण को पिछले दिनों हटा दिया गया है और व्यावसायिक उड़ान भरने के लिए सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा किया जाएगा. इसके लिए बोकारो स्टील प्रबंधन और संबंधित विभाग को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है.



In The Court of I Civil Judge Class-I,
Nagod, District Satna
Presiding Officer : राजीव पटेल
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000008/2025)
आरती तिवारी ...... आवेदक
Vs
रानू तिवारी .....अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक:-16.12.2025
प्रेषिती-
1. आम जन पता-आम जन जिस किसी को भी आपत्ति हो
2. आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आरती तिवारी पता-ग्राम सुरदहा कला तह. नागौद जिला सतना म.प्र. ने मृतक कृष्णपाल तिवारी तनय बृजकिशोर तिवारी निवासी ग्राम सुरदहा कला तह. नागौद जिला सतना म.प्र. की 200000/- (दो लाख रुपये) राशि / संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया जिसकी सुनवाई 16 दिसंबर 2025 को नियत है.
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 दिसंबर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें. सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा. यह आज तारीख 04 नवंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.
न्यायालय की मुद्रा
( राजीव पटेल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
नागौद जिला सतना ( म.प्र. )
कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि तो न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

नाम परिवर्तन सूचना
मै द्योषणा करता हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेज मे मेरा नाम SANJAY KUMAR SUNDRANI लिखा था। जिसे मै बदल कर मै अपना नया नाम SANJAY SUNDRANI कर लिया हूं कृपया अब से मुझे नये नाम SANJAY SUNDRANI S/O RAJ KUMAR SUNDRANI के नाम से जाना एवं पहचाना और संबोधित किया जाये एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाये तथा मेरे निवास का पता- 173 WARD NO. 07, OLD GALLA MANDI, NAGOD, PO. NAGOD Sub Distt. NAGOD Distt SATNA (M.P.) है।

नाम परिवर्तन सूचना
मै द्योषणा करता हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम शैक्षणिक दस्तावेज मे मेरा नाम VIKAS KUMAR AGRAWAL लिखा था। जिसे मै बदल-(सुधार) कर मै अपना नया नाम VIKASH KUMAR AGRAWAL कर लिया हूं कृपया अब से मुझे नये नाम VIKASH KUMAR AGRAWAL S/O MANGAL PRASAD AGRAWAL के नाम से जाना एवं पहचाना और संबोधित किया जाये एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाये तथा मेरे निवास का पता- 167 WARD NO. 07, NEAR OLD GALLA MANDI, NAGOD, PO. NAGOD Sub Distt. NAGOD Distt SATNA (M.P.) है।

350वीं शहीदी शताब्दी | गुरु नगरी में 300 स्पीकर, एक कंट्रोल रूम से होगा संचालन

# आनंदपुर साहिब में दिखेगा भव्य गुरमत समागम

**श्री आनंदपुर साहिब, 21 नवंबर. श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब इस बार अभूतपूर्व तकनीकी और आध्यात्मिक माहौल का केंद्र बनने जा रहा है.**

पंजाब सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर को अधिकाधिक श्रद्धालुओं तक पहुंचाने के लिए विशेष तैयारी की है. कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने शुक्रवार को बताया कि 24 नवंबर को भाई जैता जी मेमोरियल में होने वाले पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र और गुरमत समागम का शहर भर में फैली 20 बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा. इससे देश-दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी भीड़भाड़ या दूरी की समस्या के बिना कार्यक्रम देखने की सुविधा मिलेगी. इतना ही नहीं, गुरु नगरी में अत्याधुनिक 300 स्पीकर भी लगाए गए हैं जो एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से संचालित होंगे. ये स्पीकर श्रद्धालुओं को समय-समय पर आवश्यक घोषणाएं, दिशा-निर्देश और कार्यक्रम की लाइव जानकारी पहुंचाएंगे. बैंस ने कहा कि पूरा शहर भक्तों के स्वागत के लिए तैयार है और कोशिश है कि हर आगंतुक को इस आध्यात्मिक समारोह का संपूर्ण अनुभव मिले. पंजाब सरकार का यह प्रयास ऐतिहासिक आयोजन को देखने-सुनने के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के पावन समारोह को श्रद्धालुओं तक सहज रूप से पहुंचाने के लिए बड़ी और आधुनिक तकनीकी व्यवस्था तैयार की है. कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 24 नवंबर को होने वाले गुरमत समागम और पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र का पूरे श्री आनंदपुर साहिब में अलग-अलग स्थानों पर लगी 20 विशाल एल.ई.डी. स्क्रीन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा.

## बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष फातिमा ने पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,21 नवंबर.** बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फ़ातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. टिकट वितरण में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में केवल आठ प्रतिशत भागीदारी मिलने से नाराज सुश्री फ़ातिमा ने अपना इस्तीफ़ा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजा है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा राजनीति करने के कई पैमाने हैं लेकिन अपने 25 वर्ष के राजनीतिक सफर में, मैंने केवल नैतिकता और निडरता को अपना पैमाना बनाया है.

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला परियोजना कार्यालय पन्ना
जिला पंचायत परिसर, अजयगढ़ चैराहा पन्ना, जिला पन्ना मप्र.
क्र./455/एस.आर.एल.एम/स्था./2025 पन्ना, दिनांक 13.11.2025
// कोटेशन आमंत्रण सूचना //
सेवा कार्य का नाम:- वाहन किराये पर लेने हेतु, एसआरएलएम पन्ना के लिए नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक चार पहिया वाहन महिन्द्रा कम्पनी का नियो एन 10 मॉडल जो कि 10 नवंबर 2022 के बाद का पंजीकृत हो, ग्रामीण अंचलों में क्षेत्र भ्रमण के लिये मासिक किराये पर लेने हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं जिनमें मासिक किराये दर, एवरेज कि.मी. प्रति लीटर (डीजल) एवं ऑयल आदि की राशि का सम्पूर्ण विवरण दिया जाना होगा। इसके साथ ही प्रतिदिन की दर पर उपलब्ध कराये जाने वाले वाहनों हेतु भी निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत वाहन प्रदाता संस्थायें / वाहन मालिक रू 300/- (तीन सौ रूपये) नगद जमा कर फार्म एवं निविदा शर्ते दिनांक 14.11.2025 तक म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय, जिला पंचायत परिसर अजयगढ़ चैराहा पन्ना 488001 के कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं। सील बंद लिफाफे दिनाँक 28.11.2025 तक सायं 03 बजे तक कार्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिये। प्राप्त निविदा प्रपत्र दिनांक 28.11.2025 को दोपहर 04 बजे समिति के समक्ष मिशन कार्यालय में खोले जावेगें। कोटेशन के साथ प्रतिभूति की राशि रु 20,000/- मात्र (बीस हजार रूपये) का डिमाण्ड ड्रॉफ्ट / एफडीआर, जो कि जिला परियोजना प्रबंधक, एसआरएलएम पन्ना के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी किया गया हो, संलग्न किया जावे। टैक्सी परमिट आयकर या सेवाकर का अंतिम रिटर्न भी प्रस्तुत किया जावे।
जिला परियोजना प्रबंधक
म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पन्ना